(b) if so, what are the details thereof?

(c) whether any such land is located in the State of Madhya Pradesh; and

(d) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): (a) to (d) There is a proposal for exploring the feasibility of commercially exploiting space over railway land and land presently lying vacant or encroached upon, without obstructing the use of the land by Railways when required, with a view to generating additional resources for Railways' developmental works. The matter is in conceptual stage.

Conversional of Metre Gauge from Londa to Mormugao Port

2196. SHRI JOHN F. FERNANDES: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government propose to convert metre gauge from Londa to Mormugao Harbour in Goa; and

(b) if so, whether Government propose to avoid the duplication on Konkan Railway which runs parellel in South Goa by having one broad gauge?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): (a) Yes, Sir.

(b) Konkan Railway is serving another route. There is no duplication.

जम्मू तवी से उधमपुर तक बड़ी लाइन का विस्तार

2197. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जम्मू तवी से उधमपुर तक (53 कि० मी०) बड़ी लाइन के विस्तार का निर्माण कार्य किस चरण में है;

(ख) इसके कब तक चालू हो जाने की संभावना है; और

(ग) इस निर्माण कार्य की कुल अनुमानित लागत कितनी है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) निर्माण कार्य प्रगति पर है। जम्मू तवी से बैजतला तक पहले ब्लाक खंड को 1991-92 के दौरान पूरा कर लिए जाने का कार्यक्रम है।

(ख) आगामी वर्षों में संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा।

(ग) 197.70 करोड़ रुपये।

दिल्ली-राजहरा-राऊघाट लाइनें

2198. **श्री कैलाश नारायण सारंग:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली-राजहरा-राऊघाट-~~नासलपुर-लोंडा~~ गांव-जगदलपुर ब्राडगेज रेलवे लाइन का सर्वेक्षण कब पूरा किया गया था और इसकी अनुमानित लागत क्या थी;

(ख) क्या उक्त रेलवे लाइन को सरकार की स्वीकृति मिल गई है, यदि हां तो स्वीकृति कब दी गई और इसके निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है और सरकार ने चालू वर्ष के बजट में इस कार्य के लिए क्या प्रावधान किया है; और

(ग) निर्माण कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) 1985-86 तत्कालीन लागत 218.6 करोड़ रूपये थी

(ख) और (ग) उक्त रेलवे लाइन स्वीकृत नहीं की गयी है। प्रस्तावित लाइन एकाकी उपयोगकर्ता लाइन भी है और भिलाई के लिए लौह अयस्क की ढुलाई करने के लिए भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड को इसकी जरूरत है। इस्पात-मंत्रालय को इसकी लागत बता दी गयी है। इस्पात मंत्रालय/भारतीय इस्पात प्राधिकरण द्वारा इस लाइन के लिए धन की व्यवस्था कर दिए जाने पर इसका निर्माण कार्य शुरू किया जा सकता है।

ललितपुर-खुजराहो-सतना-रीवा-सिंगरौली रेल लाइन का सर्वेक्षण

2199. **श्री कैलाश नारायण सारंग:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ललितपुर-खुजराहो-सतना-रीवा-सिंगरौली रेल लाइन का सर्वेक्षण कब किया गया था और इसकी अनुमानित लागत कितनी थी; और

(ख) क्या सरकार ने इस परियोजना को स्वीकृति दे दी है; यदि हां, तो सरकार ने इस कार्य के लिए वर्तमान बजट में क्या प्रावधान किया है?